# बुक-कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी - 2010

समय : 3 घण्टे ] कक्षा 12 वीं [ पूर्णांक- 100

निर्देश- ( 1 ) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। ( 2 ) प्रश्न-पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं- खण्ड- अ और खण्ड-ब। ( 3 ) खण्ड- अ में दिये गये प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनके अन्तर्गत रिक्तस्थानों की पूर्ति, सत्य/असत्य, एक शब्द में उत्तर, सही जोड़ी बनाना तथा सही विकल्प का चयन करना हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का हैं। ( 4 ) खण्ड-ब में प्रश्न क्रमांकक 6 से 20 में आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं। ( 5 ) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित है। ( 6 ) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आवंटित हैं। ( 7 ) प्रश्न क्रमांक 16 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आंवटित हैं। ( 8 ) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक के उत्तर 80 शब्दों में दीजिए। ( 9 ) प्रश्न क्रमांक 11 से 20 तक के उत्तर 125 शब्दों में दीजिए।

## खण्ड- अ ( अंक 5 )

### ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )

प्रश्न 1. निम्नलिखित का सही विकल्प चुनिए-

(अ) उधार बिक्री पर दिया जाने वाला कमीशन कहलाता हैं-

(1) सामान्य कमीशन (2) अधिभावी कमीशन

(3) परिशोधन कमीशन (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ब) साझेदारी फर्म जोकि बैंकिंग व्यवसाय कर रही हो उसमें अधिकतम साझेदारों की संख्या होती हैं-

(1) 20 (2) 15

(3) 10 (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

(स) जब नया साझेदार प्रीमियम (ख्याति) की राशि नकद लाता हैं, तो इसे जमा किया जाता हैं-

(1) नए साझेदार के पूँजी खाते में

(2) प्रीमियम (ख्याति) खाते में

(3) नए साझेदार के चालू खाते में

(4) बैंक खाते में

(द) ऋणपत्रधारी कहलाते हैं-

(1) स्वामी (2) ऋणदाता

(3) देनदार (4) उपरोक्त में कोई नहीं।

(इ) साझेदार का दायित्व होता हैं-

(1) सीमित (2) असीमित

(3) पूँजी तक सीमित (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 2. निम्नलिखित का सत्य या असत्य में उत्तर दीजिए-

(अ) नए साझेदार के प्रवेश के समय यदि किसी सम्पत्ति का मूल्य घटता हैं, तो इसे पुनर्मूल्यांकन खाते में नाम दिया जाता हैं।

(ब) संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी का समर्पण मूल्य नहीं होता हैं।

(स) फर्म के समापन पर चिट्ठा बनाया जाता हैं।

(द) किसी साझेदार का ऋण आंतरिक दायित्व हैं।

(इ) ऋणपत्रधारियों को निश्चित दर पर लाभांश मिलता हैं।

प्रश्न 3. रिक्तस्थानों की पूर्ति कीजिए- http://www.mpboardonline.com

(अ) बोजक मूल्य में ...... सम्मिलित रहता हैं।

(ब) गुणनफल विधि द्वारा ...... पर ब्याज की गणना की जाती हैं।

(स) ख्याति पर .... गणना नहीं होती हैं।

(द) नफे के अनुपात से पुराने साझेदारों के अनुपात में ... होती हैं।

(इ) फर्म के समापन पर सर्वप्रथम ... दयित्वों का भुगतान किया जाता हैं।

प्रश्न 4. निम्नलिखित का एक शब्द में उत्तर दीजिए-

(अ) जब प्रेषणी माल बेचता हैं, तो वह प्रेषक को एक विवरण पत्र भेजता हैं। उसका क्या नाम हैं?

(ब) क्या ऋणपत्रों का जब्त किया जा सकता हैं?

(स) उस खाते का नाम बताइए जोकि सम्पत्तियों एवं दायित्वों के मूल्य में कमी या वृद्धि के लिए बनाया जाता हैं।

(द) साझेदार की निवृत्ति के किसी एक कारण को लिखिए।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

(इ) उस ऋणपत्र का नाम बताइए जिसका भुगतान कम्पनी के समापन पर किया जाता हैं।

प्रश्न 5. निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइए–

| "अ" | "ब" |
|---|---|
| (अ) माल का वाष्पीकरण | (1) साझेदार का ऋण |
| (ब) बीजक मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री | (2) बिल्ली के स्वभाव वाली ख्याति |
| (स) स्थानीय ख्याति | (3) समान्य हानि |
| (द) कम्पनी के समापन की दशा में ऋणपत्रों के भुगतान को | (4) अधिभावी कमीशन |
| (इ) आन्तरिक दायित्व | (5) प्राथमिकता दी जाती हैं |

## खण्ड (ब) (अंक 4)

### (अति लघु उत्तरी प्रश्न)

प्रश्न 6. कब विनियोजन रोकड़ तुल्य माना जाता हैं?

(अथवा) संचालन क्रियाओं को समझाइए।

प्रश्न 7. साझेदारी संलेख में लिखी जाने वाली चार बातें लिखिए।

(अथवा) साझेदारी की चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 8. मोहन लिमिटेड की अधिकृत पूँजी 2,00,000 रु. हैं, जो 10 रु. वाले 20,000 समता अंशों में विभाजित हैं। कम्पनी ने 10,000 समता अंश निर्गमित किए तथा जनता से 8,000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। राशियाँ इस प्रकार से देय हैं– 2 रु. आवेदन पर 3 रु. आबंटन पर, 2 रु. प्रथम याचना पर तथा 3 रु. द्वितीय याचना पर। मोहन लिमिटेड की पुस्तकों में पँजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

(अथवा) श्याम लिमिटेड 100 रु. वाले 5,000 समता अंश 105 रु, की दर से निर्गमित किए जिन पर 20 रु, आवेदन पर, 35 रु. आबंटन पर (प्रीमियम सहित), 30 रु. प्रथम याचना पर तथा शेष अंतिम याचना पर देय हैं। सभी राशियाँ समय पर प्राप्त हो गई। कम्पनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

प्रश्न 9. अंश एवं ऋणपत्र में चार अंतर लिखिए।

(अथवा) ऋणपत्रों के चार प्रकारों को समझाइए।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 10. वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का महत्व किन्हीं चार बिन्दुओं पर समझाइए।

( अथवा )लेखांकन अनुपात की चार सीमाओं का वर्णन कीजिए।

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )** **( अंक 5 )**

प्रश्न 11. औसत लाभ तथा अधिलाभ में स्पष्ट अन्तर बताइए।

( अथवा )ख्याति की पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 12. मुखर्जी एवं चटर्जी साझेदारी का व्यापार करते हैं। वे लाभ-हानि विभाजन क्रमशः 2/5 : 3/5 के अनुपात में करते हैं। 1 अप्रैल, 2007 को उनका चिट्ठा इस प्रकार था-

| दायित्व | रकम ( रु. ) | सम्पतियाँ | रकम ( रु. ) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 2,487 | रोकड़ शेष | 142 |
| पूँजी खाते: | | बैंक का शेष | 2385 |
| मुखर्जी | 6810 | देनदार | 1,100 |
| चटर्जी | 6,810 | स्कन्ध | 3,600 |
| | | फर्नीचर | 880 |
| | | भवन | 8,000 |
| | 16107 | | 16107 |

उसी तिथि को वे बेनर्जी को साझेदारी में 1/3 हिस्सा देकर निम्नलिखित शर्तों पर साझेदार बनाते हैं-

(1) स्टॉक और फर्नीचर के मूल्य में $12\frac{1}{2}$% ह्रास लगाना हैं।

(2) भवन का मूल्य 1,500 रु. से बढ़ाना हैं।

(3) देनदारों पर 5% अशोध्य ऋण संचिति बनाना हैं।

(4) बेनर्जी को 6,000 रु. पूँजी के लिए तथा 4,000 रु. ख्याति के लिए लाने हैं। उपरोक्त विवरण से आवश्यक खाते बनाइए।

( अथवा )राम और श्याम साझेदार हैं जो क्रमशः 3/5 व 2/5 के अनुपात में लाभ विभाजित करते हैं। उनका स्थिति-विवरण निम्नलिखित हैं-

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

| दायित्व | रकम (रु.) | सम्पतियाँ | | रकम (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| पूँजीः | | रोकड़ | | 650 |
| राम | 2,000 | देनदार | 1,000 | |
| श्याम | 1,000 | घटायाः संचय | 400 | 600 |
| लेनदार | 400 | स्टॉक | | 1500 |
| | | यंत्र | | 650 |
| | 3,400 | | | 3,400 |

उन्होंने घनश्याम को इस शर्त पर कि वह व्यापार में 1,000 रु, ख्याति के तथा नई फर्म का 1/3 भाग प्राप्त करने के लिए यथेष्ट पूँजी देगा, फर्म में प्रवेश देने का निश्चय किया। यह भी निश्चित किया कि डूबत ऋण के लिए संचय 100 रु. रखा जाए, 2,000 रु. पर पुनः मुल्यांकित किया जाए एवं यंत्र का मूल्य 500 रु. कर दिया जाए।

उपरोक्त विवरण से आवश्यक खाते बनाइए।

प्रश्न 13. अंश एवं स्कन्ध में पाँच अन्तर बताइए।

**( अथवा )** अंशों के हरण की विधि समझाइए।

प्रश्न 14. चालू दायित्व में कौन-कौन सी मदें सम्मिलित की जाती हैं?

**( अथवा )** चालू सम्पत्तियों में कौन-कौन सी मदें सम्मलित की जाती हैं?

प्रश्न 15. श्याम ड्रग हाऊस, जबलपुर ने दवाइयों की 35 पेटियाँ राम को 8,400 रु. के बीजक मूल्य पर भेंजी, जो लागत मूल्य से 20% अधिक था। उन्होंने गाड़ी भाड़ा तथा रेल किराए के 700 रु चुकाए। रास्ते में पाँच पेटियाँ खो गई तथा रेलवे कम्पनी ने 1,000 रु. क्षतिपूर्ति के दिए। प्रेषणी ने माल पर 420 रु. व्यय किए। उसने 25 पेटियाँ 7500 रु. में बेचीं तथा 600 रु बिक्री व्यय हुआ। वे कुल बिक्री पर 5% कमीशन के अधिकारी हैं।

उपरोक्त विवरण से प्रेषण खाता बनाइए।

**( अथवा )** प्रेषण एवं बिक्री में स्पष्ट अन्तर समझाइए।

**( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )** **( अंक 6 )**

प्रश्न 16. ए तथा बी लाभ-हानि में क्रमशः 3 : 2 के अनुपात में साझेदार थे। 31 दिसम्बर 2007 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था-

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

| दायित्व | रकम (रु.) | सम्पत्तियाँ | रकम (रु.) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 528 | रोकड़ | 363 |
| सामान्य संचय | 500 | अन्य सम्पत्तियाँ | 7585 |
| बैंक ऋण | 1,000 | विनियोग | 2080 |
| पूँजी: | | | |
| ए | 6,000 | | |
| बी | 2,000 | | |
| | 10,028 | | 10,028 |

उन्होंने 31 दिसम्बर, 2007 को फर्म के विघटन का निश्चय किया। विनियोग 2,200 रु, बाजार भाव में बी ने ले लिए तथा वह बैंक ऋण चुकने के लिए राजी हो गया। रोकड़ को छोड़कर शेष सम्पत्तियाँ 6,900 रु. में बेच दी गई। विघटन के व्यय 110 रु. हुए। लेनदारों को 503 रु, में पूर्ण भुगतान कर दिया गया।

उपरोक्त विवरण से आवश्यक खाते बनाइए।

**( अथवा )**न्यायलय द्वारा फर्म विघटित करने का आदेश कब दिया जाता हैं?

प्रश्न 17. राहुल लि. ने 100 रु. वाले 10,000 अंशों के लिए 6% बट्टे पर प्रार्थना-पत्र आमंत्रित किए। ये अंश इस प्रकार देय थे- प्रार्थना-पत्र पर 25 रु., आबंटन पर 34 रु. तथा प्रथम एवं अंतिम याचना पर 35 रु. 19,000 अंशों के लिए प्रार्थना-पत्र आए जो सभी स्वीकार किए गए। 100 अंशों पर प्रथम एवं अंतिम याचना के अतिरिक्त राशि प्राप्त हुई और ये अशं हरित किए गए।

उपरोक्त विवरण से कम्पनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

**( अथवा )**अधिकृत पूँजी तथा चुकता पूँजी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 18. एक लिमिटेड कम्पनी ने 100 रु. वाले 4,000, 6% ऋणपत्र 10% बट्टे पर निम्न प्रकार निर्गमित किए- आवेदन पर 10 रु., आबंटन पर 30 रु., प्रथम याचना पर 40 रु. तथा शेष अंतिम याचना पर। यह मानकर कि सभी राशियाँ यथा समय प्राप्त हो गई, कम्पनी के जर्नल में लेखा कीजिए।

**( अथवा )**ऋणपत्रों के शोधन की विधियों का वर्णन कीजिए।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 19. निम्न सूचनाओं में तुलनात्मक आय का विवरण बनाइए–

| विवरण | 2006 | 2007 |
|---|---|---|
| विक्रय | 2,00,000 रु. | 3,00,000 रु. |
| बेचे गये माल की लागत | विक्रय का 60% | विक्रय का 70% |
| अप्रत्यक्ष कर | सकल लाभ पर 50% | सकल लाभ पर 40% |
| आयकर | कर पूर्व शुद्ध लाभ का 50% | कर पूर्व शुद्ध लाभ का 50% |

**( अथवा )लेखांकन अनुपातों का महत्व समझाइए।**

प्रश्न 20. **फण्ड बहाव विवरण तथा रोकड़ बहाव विवरण में अंतर स्पष्ट कीजिए।**

**( अथवा )रोकड़ बहाव विवरण की सीमाएं लिखिए।**

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
**http://www.mpboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Your old paper & get 10/-**
**पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**